राजस्व लोक अदालत "न्याय आपके द्वार" कैम्प 2015 ग्राम पंचायत भीम
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :— ग्राम पंचायत भीम

निर्णय दिनांक — 03.07.2015

प्रकरण सं. — 126/2014 रे0वा0

अनवान

1. श्री भवरलाल पिता इन्द्रमल जाति कोठारी महाजन निवासी भीम तहसील भीम।
2. श्री पारसमल पिता इन्द्रमल जाति कोठारी महाजन निवासी भीम तहसील भीम।
3. श्री रमेशचन्द पिता इन्द्रमल जाति कोठारी महाजन निवासी भीम तहसील भीम।
4. श्री सम्पतराज पिता इन्द्रमल जाति कोठारी महाजन निवासी भीम तहसील भीम।
5. श्री पदमकुमार पिता इन्द्रमल जाति कोठारी महाजन निवासी भीम तहसील भीम।

वादी

बनाम

1. श्री सरदारसिंह पिता मोटसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
2. श्रीमति मुन्नीदेवी पत्नि स्व0 नारायणसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
3. श्रीमति कंकुदेवी पत्नि स्व0 मोटसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
4. श्री अर्जुनसिंह पिता स्व0 हमीरसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
5. श्री रणजीतसिंह पिता स्व0 लालसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
6. श्री लाडुसिंह पिता स्व0 लालसिंह जाति रावत निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।
7. श्री प्रेमसिंह उर्फ परमेश्वर सिंह पिता स्व0 तिलोकरसिंह जाति रावत नाबालिग जरिये संरक्षक चाचा श्री रणजीतसिंह प्रतिवादी संख्या 5 निवासी नीम्बा की कुई भीम तहसील भीम।

प्रतिवादीगण

वाद—पत्र अन्तर्गत धारा 88, 89 आरटीए

यह कि मौजा कुण्डाल की गुआर पटवार हल्का गोदाजी का गांव तहसील भीम में निम्न विवरण वाली आराजी स्थित होकर पिछले 40—50 सालो से पहले वादीगण के पिता व उनके बाद खातीगणो का कब्जा लगातार रजिस्र्टड बयनामें के आधार से तत्कालीन खातेदार से खरीद कब्जा प्राप्त कर काबिज चले आ रहे है व इसके खातेदार काश्तकार हो गये है।

गत भू माप खसरा संख्या			वर्तमान भू माप खसरा संख्या		
खसरा नम्बर	रकबा	किस्म	खसरा नम्बर	रकबा	किस्म
5899	04 विस्वा	चाही 1	4434	09 विस्वा	चाही 1
5900	06 विस्वा 10 विस्वांसी	चाही 1	4433	06 विस्वा	चाही 1
5901	10 विस्वा	चाही 1	4431	17 विस्वा	चाही 1
5902	12 विस्वा	चाही 1	4432	08 विस्वा	चाही 1
5908	01 विस्वा	चाह	4436	02 विस्वा 10 विस्वांसी	गैमुचाह

यह कि भैरावल्द देवा ने अपने खाते व कब्जे की भूमि खसरा नम्बर 5900, 5899 जिसका कि वह एक मात्र मालिक था ने 2 नवम्बर 1957 को बिल एवज 400 रूपये में हमीरसिंह पिता कुंपसिंह का जरिये रजिस्टर्ड बेचान पत्र के बेचान की एवं उक्त हमीर सिंह ने जरिये रजिस्टर्डबेचान पत्र के दिनांक 28.04.1966 को वादीगणो के पिता को बेचान कर सिपुर्द कर दी इसमे लालसिंह के नाम कभी काबिज रहा तब से लेकर अब तक वादीगणो का उक्त भूमि पर काबिज हो काश्त करते कराते आ रहे है तथा माफिक मिलान सेटलमेन्ट खसरा उक्त भूमि के वर्तमान खसरा सख्या 4434 एवं 4433 बने किन्तु भूल से या जानबुझकर पटवारी हल्का ने प्रतिवादीगण का नाम दर्ज कर दिया जिसे भी हटाया जाना आवश्यक है।

यह कि वादीगण के पिता इन्द्र मल ने दिनांक 12.'12.1972 ई को हमीरसिंह पिता दुधसिंह एवं दिनांक 17.06.1974 को लालसिंह पिता कुंपसिंह से गत भू माप खसरा नम्बर 5901, 5902 व 5908 जरिये रजिस्टर्ड बयनामे के खरीद कर कब्जा प्राप्त किया जिसे भी आज 40—50 वर्ष हो गये है जिसका नामान्तकरण भी 2917 खोला गया है। उक्त खरीदशुदा भूमि के माफिक मिलान सेटलमेन्ट खसरा नम्बर 4431, 4432 बने किन्तु भुल से या जानबुझकर खसरा नम्बर 4431 तो हमारे नाम कर दिया व 4432 प्रतिवादीगणो के नाम रहने दिया जबकि हम उक्त भूमि रजिस्टर्ड बयनामे से खरीद निर्बाध रूप से सभी के सामने लगातार पिछले 40—45 साल से काबिज होकर काश्त कर रहे है जिसे भी सुधार प्रतिवादीगणो के नाम हटाये जाने आवश्यक है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायालय में लम्बित होकर **राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 कैम्प भीम मे पेश हुआ**। वादी का वाद इस प्रकार स्वीकार किया जाता है प्रतिवादी संख्या 2, 6, 7 बावजूद सूचना के अनुपस्थित उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की जाती है। एवं प्रतिवादी संख्या 1 , 3, 4, 5, की आपसी सहमति व आपसी राजीनामे से आराजी खसरा नम्बर 4433 रकबा 6 बिस्वा भूमि 1/2 हिस्से में से प्रतिवादीगण का नाम हटाया जाकर सम्पूर्ण भूमि वादीगण के नाम दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। पालना हेतु तहसीलदार भीम को लिखा जाकर पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

(पीठासीन अधिकारी एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला-राजसमन्द)

Scanned by CamScanner